卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 213 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦14 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## वाराणसी सीट से मोदी ने तीसरी बार किया नामांकन

वाराणसी (उद ब्यूरो)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 8:30 बजे बरेका गेस्ट हाउस से निकले और वीआइपी मार्ग डीरेका, लहरतारा, कैंट, चौकाघाट, लहुराबीर होते हुए दशाश्वमेध घाट पहुंचे। घाट पर गंगा सप्तमी के शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की। इसके बाद वह क्रूज से नमो घाट के लिए रवाना हुए। वाराणसी के विकास कार्यों का जायजा लेते हुए मोदी नमो घाट पर सड़क मार्ग से वापस चौकाघाट-लहुराबीर होते हुए काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर पहुंचे, यहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वापस मैदागिन, लहुराबीर, चौकाघाट होते दोपहर करीब 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद वह वापस चौकाघाट -तेलियाबाग होते हुए सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध जन को संबोधित करने पहुंचे। पीएम के नामांकन में शामिल होने के लिए काशी में दिग्गजों का जमावड़ा लगा रहा। विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व सांसद विधायक सभी नामांकन में शामिल हुए।



## हादसे में दो युवकों की मौत

### कार और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत, होटल में काम करते थे दोनों मृतक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लाल कुआं मार्ग पर एक कार और स्कूटी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि स्कूटी सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, स्कूटी और कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। दोनों मृतक एक होटल में नौकरी करते थे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात्रि मोतीनगर चौराहे के पास हाईवे पर लालकुआं से आ रही कार और हल्द्वानी की तरफ से जा रही स्कूटी की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें स्कूटी सवार बुरी तरह से घायल हो गए। इस बीच हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंची और कार चालक की मदद से घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों ही लोगों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक अल्मोड़ा जिले के तलवाड़ बाड़ी के रहने वाले थे, जो मोटाहल्दू में एक रेस्टोरेंट में काम करते थे। मृतकों की पहचान 30 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)



## 'चुनौतियों के चक्रव्यूह' में 'फ्रंट पर लीड करते धामी'

### ऐन वक्त पर गायब हुए धामी के मंत्री, मंत्रियों के विभागीय कार्य की सिरदर्दी भी धामी ने ली अपने सर

-अर्श-

देहरादून। देखने में आया है कि सूबे में सरकार के समक्ष जब भी कोई बड़ी चुनौती आन खड़ी होती है ,तब उत्तराखंड सरकार के मंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मोर्चे पर अकेला छोड़ लापता हो जाते हैं ।अब इसके पीछे कोई सियासी चाल है या उत्तराखंड सरकार के मंत्री गण चुनौतियों को पीठ दिखाने के आदी हैं ? यह तो राज्य के मंत्री और मुख्यमंत्री ही जाने ,लेकिन इतना अवश्य है कि चुनौतियों के समय मंत्रियों के गायब हो जाने के बाद ,राज्य के मुख्यमंत्री को संबंधित मंत्री के विभागीय कार्यों की सिरदर्दी भी अपने सर अक्सर ही लेनी पड़ती है। यह अलग बात है कि चुनौती के समय मंत्रियों के गायब होने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री सहज भाव से मोर्चे पर आ डटते हैं और टीम के कप्तान होने के नाते फ्रंट पर लीड करने लगते हैं। बड़ी चुनौतियों के समय मंत्रियों के गायब होने और मंत्रियों की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रियों के विभागीय कार्यों की चुनौतियां का सामना करने के उदाहरण ,तो धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब से पहले कई बार देखे गए हैं, मगर हाल ही में इसका जीता जागता प्रमाण एक बार फिर देखने को मिला है। बताना होगा कि सूबे में जब जंगल की आग विकराल रूप धारण करके करोड़ों की वन संपदा को निगलते जा रही थी ,तब राज्य के वन मंत्री प्रदेश के बाहर चुनाव प्रचार में व्यस्त थे ।इसी प्रकार चार धाम यात्रा की तैयारियों के दौरान राज्य के पर्यटन मंत्री का भी प्रदेश में कहीं आता-पता नहीं था ।ऐसे में सीएम धामी अपना सारा काम छोड़कर प्रदेश वापस लौटे और जिम्मा संभाला। जरूरत के वक्त राज्य से मंत्रियों के गायब रहने के मसले पर अब विपक्ष सरकार पर जमकर हमलावर तो है ही, साथ ही ये सवाल भी उठा रहा है कि क्या हर विभाग की जिम्मेदारी सीएम धामी ने ही अपनी कर ले रखी है ? वैसे देखा जाए तो विपक्ष का यह सवाल पूरी तरह गैर जरूरी भी नहीं, क्योंकि एक समय प्रदेश में जंगलों की आग के कारण हाहाकार मचा था तथा आग के कारण एक हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा जंगल प्रभावित हुए और पांच लोगों की मौत हुई ,लेकिन इतना सब होने के बाद भी वन मंत्री प्रचार में व्यस्त थे ।उनसे जब इस बारे में पूछा जाता तो उनका कहना होता था कि वे इस मसले पर फोन के माध्यम से अधिकारियों से निरंतर संपर्क में है और पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। बहरहाल जंगल धधकते रहे और नुकसान होता रहा, लेकिन वन मंत्री वापस नहीं आए। वन मंत्री वापस तब आए जब बारिश होने से प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर आग बुझ गई। मजे की बात तो यह है कि बरसात के कारण आग बुझाने के बाद वन मंत्री ने आग लगने एवं उसके बाद के समूचे घटनाक्रम की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । ऐन इसी तरह उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री भी चार धाम यात्रा की तैयारियों के दौरान परिदृश्य से गायब (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरों ने दवा लेने बरेली गए व्यक्ति का घर खंगाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। परिवार के साथ दवा लेने बरेली गए व्यक्ति के कमरे का तला तोड़ अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात, हजारों की नगदी व वन्य समान चीरी कालिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। रविन्द्र गिरी पुत्र पुत्तू गिरी प्रार्थी हंस विहार फैस 2 भूरारानी का कहना है कि वह परिवार सहित किराये पर रहता है। 12 मई दोपहर बरेली अपने परिवार के साथ दवाई लेने के लिए गया था। रात काफी हो जाने की वजह से वह अपने रिश्तेदार के घर पर रूक गया। उसी दिन रात्रि के समय कुछ अज्ञात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गयें और उसके कमरे के ताला तोड़कर काफी सामान चोरी करके ले गयें। जिसमे दो सोने अंगूठी, एक मंगल सूत्र, दो जोड़ी चाँदी की पायल, नगदी लगभग 80 हजार रूपये, एलएडी व एक लेपटॉप शामिल है। काफी खोजबीन करने के बाद भी चोरो का कुछ पता नही चल पाया है।



## खाताधारकों के लाखों समेटकर कंपनी के संचालक हुए फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खाताधारकों के लाखों रुपए जमा करवाने के बाद तीन बार कंपनी के नाम बदलकर संचालक अचानक फरार हो गए। लोगों के रुपए जमा करवाने वाले एजेंट ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मेहबूब मियाँ पुत्र जमील मिया निवासी केमरी, बिलासपुर, जिला रामपुर का कहना है कि वर्ष 2009 में जब वह काम की तलाश में था तभी उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई जिसने उसे एक मार्केटिंग कम्पनी के बारे में बताया तथा कहा कि कम्पनी को लोगो की जरूरत है। कम्पनी अच्छे ब्याज दर पर पैसो का रिर्टन देती है। वह कम्पनी के क्षेत्रिय कार्यालय पर गया तो मैनेजर ने बताया कि कम्पनी गरीब एवं मध्यमवर्गीय लोगो से मासिक एवं एक मुश्त रकम जमा कराई जायेगी। जिस पर अच्छी ब्याज दर के साथ करीब 06 वर्ष में ही जमा धनराशि को दोगुना कर देगी। जिससे प्रभावित होकर वह उक्त कम्पनी में एजेन्ट बन गया तथा अपने निकट सम्बन्धियो तथा अपने जान-पहचान के लोगों के खाते कम्पनी में खुलवा दिये। प्रारम्भ में कम्पनी द्वारा बहुत अच्छा व्यवहार किया गया तथा जमा धनराशि को समय पर निश्चित ब्याज के साथ वापिस भी किया गया। जिससे ग्राहको का विश्वास कम्पनी के प्रति और मजबूत हो गया तथा उसने और मेहनत करनी शुरू कर दी। वर्ष 2014 में अचानक कम्पनी ने उस पते पर एक नई कम्पनी भी खोल ली, तथा जो खाते पूर्व से कंपनी में चल रहे थे, उन्हे बदस्तूर चलने दिया। वर्ष 2016 में पुनः एक नई तीसरी कम्पनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## बस में महिला के बैग से आभूषण और नगदी चोरी

हल्द्वानी। बस से हल्द्वानी आ रही एक महिला चोरी का शिकार हो गई। चोरों ने उसके बैग से सोने के आभूषण और नगदी व अन्य सामान चुरा लिया। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सत्या इंकलेव फुलसुंगी गंगापुर निवासी नीमा राणा पत्नी संजय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 16 अप्रैल को बस से अपने घर से (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईड जॉब के नाम पर लाखों की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा साठड जॉब देने के नाम पर एक युवक से आनलाईन लाखों रूपये ठग लिए गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में है दीपक नैनवाल पुत्र कृष्ण चन्द्र निवासी जगतपुरा वार्ड 39, ट्रान्जिट कैम्प ने कहा है कि 27 अप्रैल 2024 को उसके मोबाईल पर अज्ञात नंबर से फोन आया और जिसने कहा आप अपने कार्य के अतिरिक्त अर्निंग के लिए कुछ करना चाहते हैं तो उनके पास ऑन लाईन कार्य करने का ऑफर है। उसने कोइंडसन का प्रतिनिधि समझते हुये अपनी सहमति दी। उसने नाम, आयु व व्हाटएप नम्बर टेलीग्राम के द्वारा पूछा और जीपे द्वारा उसे ज्वाइनिंग कमीशन के रूप में 200 रूपये का भुगतान भेज दिया। इसके द्वारा उसे एक और टेलीग्राम आईडी से जोड़ा गया। 28 अप्रैल 2023 को एक नये टास्क् के लिए टेलीग्राम पर एक यूपीआई आईडी भेजकर 7 हजार रूपये जमा करने के लिए कहा गया जिसका भुगतान कर दिया तो मुझसे कहा गया कि यह धनराशि लाभ सहित 10 हजार हो गयी है। जब यह धनराशि निकालना चाही तो मेरी गलती बता कर मेरा खाता सीज कर दिया। इस खाते को चालू करने के लिए 27,450 रूपये भुगतान करा लिया। तब कहा गया कि आपको एक लेडर भेजा गया जिसमें आप्सन देकर 1. 88 लाख रूपये जमा करने को कहा गया। जिसका भुगतान कर दिया। उसके द्वारा जमा की गयी कुल धनराशि को लाभाशं सहित 3.36 लाख दर्शाया गया। जब इस धनराशि को आहरित करना चाहा तो पुनः पूर्व की भाँति गलती करना दर्शा कर खाता सीज कर दिया और इस धनराशि का भुगतान प्राप्त करने व खाते को अनसीज करने (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेटे से मिलने जा रहे परिजनों पर चाकू से किया हमला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अपने बेटे से मिलने के लिए जा रहे परिजनों पर रिश्तेदारों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमीर जहां पत्नी नजाकत अली मलिक का बगीचा में रहती हैं। उनका बड़ा बेटा फिरासत इंद्रानगर में अपने परिवार के साथ रहता है। फिरासत 17 मई को हज करने जा रहा है। फिरासत के तीन छोटे भाई रिफायरत, मोनिस और दानिश जो गुजरात में काम करते हैं, अपने भाई से मिलने के लिए कल ही हल्द्वानी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि अमीर जहां, उनका पति नजाकत अली और रिफायरत, मोनिस व दानिश फिरासत से मिलने के लिए उसके घर जा रहे थे। रास्ते में ही अमीरजहां का भांजा शखावत व उसके पिता अंजार हुसैन ने अमीरजहां पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू अमीर जहां के (शेष पृष्ठ सात पर)

# चेतन्या, एसएम स्कूल, ग्रीनवुड के विद्यार्थी निकले मेधावी

सितारगंज(उद संवाददाता)। इंटरमीडिएट, हाइस्कूल सीबीएसई परीक्षा में चैतन्या स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा है। इस विद्यालय में अध्यनरत इंटरमीडिएट, हाइस्कूल के दस विद्यार्थी मेधावी आये है। जबकि ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, एसएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सोमवार को सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। हाइस्कूल परीक्षा में क्षेत्र के चौतन्या स्कूल के छात्र मानू परगांई ने 97 फीसद, अंशिका सिंह 96.6 फीसद, सपना राजभर 95.4, तालिब मलिक 95.2, शमद मलिक 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में सम्मलित हुए। इसी विद्यालय में अध्यनरत रहे इंटरमीडिएट के छात्र सरबदीप सिंह ने 98 फीसद, चारू 96.2, मनतहा 96, हरलीन 95. श्रेया ने 92 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। एसएम पब्लिक स्कूल कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के मोहम्मद अफान ने 93, कौशल 92, पुष्कर राज 90, हरमन दीप कौर ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनजिंदर सिंह गुलाटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले



सुभान कमल 92, फरीन अंसारी 90 फीसद अंक प्राप्त कर स्कूल के टॉपर रहे। इसी विद्यालय के हाई स्कूल के छात्र गौरव भट्ट 96 फीसद, ऋतिक 95, विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। वही नगर के ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की कक्षा दस की छात्रा दृष्टि सतवाल ने 94.2 फीसद, संजना पाल 93.8, मोहम्मद आतिफ 93.8, अनुभव शीष यादव 92.2, सुरभि सिंह 91.6, राजन चौहान 91.2, प्रीतपाल सिंह, 91 फीदस, मयूर टम्टा 90.4, रोबिन 90.2, लवप्रीत कौर ने 90 फीसद अंक प्राप्त किये है। कक्षा 12वीं में छात्रा सिमरनजीत कौर ने 93.6 हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। युवराज सिंह ने 84.6, दिव्या यादव 84 अंक प्राप्त किये है।

# पुलिस माडर्न स्कूल का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल में कक्षा10वीं का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें स्कूल के मोहित भट्ट ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। निशांत कोरंगा ने 93.2



प्रतिशत अंक, प्राची गुप्ता ने 90.8 प्रतिशत अंक, सारांश कुमार ने 90.2 प्रतिशत,पियूष आर्या ने 86 प्रतिशत एवं आराध्या शर्मा व भूमी सक्सेना ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं समस्त अध्यापकों व स्कूल स्टाफ ने सभी छात्र/छात्राओं को शुभकामनाए दी व स्कूल प्रबंध न द्वारा प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापकों को धन्यवाद दिया गया।

# जीआरडी स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

गदरपुर(उद संवाददाता)। जी आर डी इण्टरनेशनल स्कूल धौलपुर, उधम सिंह नगर के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। 12 वीं में पलक जुनेजा ने 95.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, जसमीन कौर ने 89.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पर समान अंक 88.6 प्रतिशत के साथ सिमरन कौर और मुस्कान जुनेजा ने विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं में ही आरजू हुड़िया, रुद्र मंडल, प्रभजोत सिंह, अनुरीत कौर, अभय प्रताप शाह, पाखी बजाज, हर्षित पानू सहित सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें आरती अधिकारी ने 95.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, पारसदीप सिंह ने 93.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा शुभनीत कौर ने 93 प्रतिशत के तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। कक्षा दसवीं में श्रेया वर्मा, रीत कौर, कंगना सिंह,



काव्य रोज, मनीषा, प्रोहेलिका थापा, कमलदीप कौर सहित सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के चौयरमैन स० गुरनाम सिंह चावला, वॉइस चैयरमैन स० सतनाम सिंह चावला, डायरेक्टर स० मनविंदर सिंह चावला, प्रधानाचार्य श्रीमती सुरभि रस्तोगी, मार्गदर्शन एवं सलाहकार पूर्व प्रधानाचार्य श्री ए जे बट्सर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती साधना बट्सर एवं समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष जताते हुए उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सभासद के लिए वार्ड पांच से प्रभजोत ने ठोकी दावेदारी

गदरपुर (उद संवाददाता)।जैसे जैसे निकाय चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे चुनाव में अपनी उम्मीदवारी करने वाले सामने आते जा रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मण्डल गदरपुर द्वारा निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष व सभासद पद हेतु आवेदन प्रक्रिया के तहत युवा भाजपा नेता एवं युवा समाजसेवी प्रभजोत खेड़ा ने वार्ड 5 से अपनी उम्मीदवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष के समक्ष प्रेषित की। प्रभजोत खेड़ा बाल्यकाल से ही अपने पिता स्व० अशोक खेड़ा के साथ सामाजिक कार्यों में समाजसेवा में एवं भाजपा को मजबूती देने में अपनी पूर्ण रूप से सहभागिता निभाते आ रहे हैं जिसमें क्षेत्रवासियों का आशीर्वाद समय समय पर उनको मिलता रहता है। वैसे तो प्रभजोत खेड़ा सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में पूर्ण रूप से हर समय भागीदारी करते हैं एवं सदैव में समाज के लिए तत्पर रहते हैं पर वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान पूरे देश में लॉकडाउन लगा था तब प्रभजोत खेड़ा अपने पिता स्व० अशोक खेड़ा के साथ समाजसेवा में एक अग्रणी भूमिका में दिखाई दिये थे। वह अपने विद्यालय में प्रतिदिन लगभग 500



से 700 व्यक्तियों का भोजन रोजाना तैयार करवा कर जरूरतमंदों के घर घर पहुँचाया करते थे साथ ही साथ लगभग 120 से अधिक पूर्ण राशन किट जरूरतमंदों में वितरित की थी। इससे पूर्व भी स्व०अशोक खेड़ा द्वारा समाज हित कई कार्य किए गए है।प्रभजोत खेड़ा बताते हैं कि वह भी अपने पिता स्वर्गीय अशोक खेड़ा की तरह हर व्यक्ति के दु:ख सुख में तत्पर रहते हैं एवं अपने पिता की तरह जरूरतमंद विद्यार्थिओं को मुफ्त में अपने विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करवाते है वह अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर समाज एवं क्षेत्र की सेवा करना चाहते हैं। प्रभजोत ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा वार्ड न 5 से उन्हें प्रत्याशी बनाया जाता है तो वह भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे और एक नया रिकॉर्ड दर्ज करेंगे।

# न्यू लाइट स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सीबीएसई के परिणाम में न्यू लाइट स्कूल के छात्रों ने अच्छे अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, सीबीएसई के 10 व 12 के परिणाम में न्यू लाइट स्कूल के तीन छात्रों एवं तीन छात्राओ ने संयुक्त श्रेष्ठता सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है । न्यू लाइट स्कूल के कक्षा 10 वी के छात्र वैशनवी ने 91.5 % , युवराज रस्तोगी पुत्र आदेश रस्तोगी ने 82 % एवं हरकीरत कौर ने 71 % एवं से 10जी की परीक्षा उत्तीर्ण की , तथा न्यू लाइट स्कूल की 12जी कि छात्रा इशिता श्रीवास्तव ने बयोलॉजी ग्रुप से 91 प्रतिशत , हृषिता चंद ने मैथ्स ग्रुप से 88 प्रतिशत, एवं सनप्रीत कौर ने कॉमर्स विषय मे 83 प्रतिशत के साथ ब्ठैम् बोर्ड कक्षा 12जी की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है । इस खुशी के मौके पर विद्यालय प्रबन्धक सरदार मलूक सिंह खिंडा व , सभी स्टाफ ने बच्चो को शुभकामनाए दी । एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर बलजीत कौर ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# हाईकोर्ट रूद्रपुर में स्थापित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के अध्यक्ष एडवोकेट एम. पी. तिवारी ने उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय को रूद्रपुर में स्थापित करने की माँग करते हुए उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश को विस्तृत ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बार अध्यक्ष ने मुख्य न्यायाधीश का ध्यान उन कठिनाईयों की तरफ दिलाया है जो उत्तराखण्ड की जनता तथा मैदानी इलाकों के लोगों को पेश आ रहीं हैं और न्याय मिलने में भी विलम्ब का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बार अध्यक्ष ने जिला जजी परिसर में जमीन तथा दैनिक जीवन की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी है। एडवोकेट तिवारी ने ये भी बताया है कि रूद्रपुर में उच्च न्यायालय स्थापित करने बाबत बहुत ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं होगा। उन्होंने उत्तराखण्ड बार काउंसिल सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अपने व्यक्तिगत स्वार्थ त्याग कर राज्य की जनता तथा आम वकीलों के हितों को ध्यान में रख कर उच्च न्यायालय को नैनीताल से रूद्रपुर स्थानन्तरित करने का प्रस्ताव स्वीकार करे तथा उत्तराखण्ड के न्यायिक इतिहास में अपना योगदान दर्ज करवाए । जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचन्द्र छाबड़ा ने अध्यक्ष श्री तिवारी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उधमसिंहनगर की जनता तथा वकीलों की आवाज को उच्चन्यायालय तक पहुंचाया । एडवोकेट छाबड़ा के अतिरिक्त अधिवक्ता खड़ग सिंह विर्क , सुरभि आहूजा, होमी कुरैशी, प्रियंका शर्मा, गौरव मिड्ढा , सुरेंद्र गिरधर , गुरुबाज सिंह नारंग , परविन्द्र सिंह , अभिनव छाबड़ा,रवि अरोरा सुरेंद्र नरूला,पूर्व उपाध्यक्ष मदन लाल अरोरा,शिवकुमार शर्मा,संजय अरोरा, सोमिल घीक, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव फौगाट ने भी स्वागत किया है ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु भारती का गठन

नानकमता(उद संवाददाता)। परमानंद कांडपाल सरस्वती शिशु मंदिर में भैया बहनों के दायित्व बोध हेतु शिशु भारती का गठन विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरी दत जुकरिया और सभी आचार्य व आचार्याओं की उपस्थिति में किया गया ।जिसमें अभिषेक अध्यक्ष भैया रूद्र गुप्ता उपाध्यक्ष टिंकल गोस्वामी मंत्री सुमित भट्ट उप मंत्री गौरव सिंह राणा सेनापति अनुज सिंह उप सेनापति वंदना प्रमुख आईसा गिरि पुस्तकालय प्रमुख प्रियांशी गोस्वामी खोया पाया ललित चंद्र भोजन प्रमुख नमिता गुप्ता वेश प्रमुख पूनम कौर उद्यान प्रमुख मनप्रीत जल प्रमुख नेहा जोशी चिकित्सा प्रमुख गुरनाम सिंह अनुशासन प्रमुख जितेश विद्युत प्रमुख मयंक घोष उज्जवल राणा , सज्जा प्रमुख प्रियांशी श्रीवास्तव को मतदान के द्वारा चयनित किया गया। इसके उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य श्रीमान दया शंकर शर्मा सेवानिवृत शिक्षक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बिचवा ने अध्यक्ष भैय्या को शपथ दिलाई और अध्यक्ष ने अन्य शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। तत्पश्चात अपनी मातृ संगठन आरएसएस के तहसील प्रचारक श ऋषभ जी ने दायित्व बोध हेतु उनको कहानी सुना कर उनका मनोबल बढ़ाया अपने सदस्य दया शंकर शर्मा जी ने भैया बहनों को आशीर्वाद दिया और अपने दायित्व का




निर्वहन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोरी दत्त जुकरिया ,शिशु भारती प्रमुख कमलेश,विमला अटवाल ,ललिता राणा,जानकी अर्चना,आचार्य दुर्गा दत्त,लव कुश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जैन ग्लोबल में धूमधाम से मना मातृ दिवस

रूद्रपर (उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल में मातृ दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम समारोह में उपस्थित मातृ शक्ति को बैच लगाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती नेहा जैन, प्रधानाचार्य श्रीमान् दीपक गुप्ता एवं मातृ शक्ति द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी




माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां के बिना बच्चे का सर्वांगीण विकास असंभव है माता ही सृष्टि की नियामक है। कार्यक्रम में टैलेंट हंट राउंड के माध्यम से उपस्थित माताओं ने नृत्य, अभिनय, विभिन्न खेल, गायन, रैम्प वाक आदि द्वारा अपने कौशलों का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम की थीम श्रेट्रो लुकश होने से कुछ माताएं रेट्रो लुक में आयी थीं। कक्षा-2 की छात्रा मिशिता द्वारा मातृ दिवस पर भाषण दिया गया एवं छात्रों द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी और म्यूजीकल चेयर खेल खेला गया। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम प्रधानाचार्य द्वारा घोषित किए गए। टेलेंट एवं रैम्प वाक में विजयी प्रतिभागी श्रीमती मीनाक्षी जी को श्रीमती नेहा जैन द्वारा क्वीन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं अन्य विजेताओं को उपहार दिए गए। रनरअप का पुरस्कार श्रीमती निहारिका जी को एवं म्यूजीकल चेयर विजेता का पुरस्कार श्रीमती लक्ष्मी बिष्ट को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में श्रीमती नेहा जैन, प्रधानाचार्य श्रीमान् दीपक गुप्ता, मातृ शक्ति, विद्यार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट एवं बाढ़ से निपटने के लिए कवायद शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आपदा न्यूनीकरण कार्य की स्वीकृति हेतु उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई, जिसमें जनपद में 257.88 लाख की 34 बाढ़ आपदा न्यूनीकरण कार्यों को स्वीकृति दी गयी।गत दिनों सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा काशीपुर में पेयजल एवं आपदा संबंधी बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा न्यूनीकरण कार्य के प्रस्ताव आगणनों की जांच एवं स्वीकृति हेतु बैठक हुई, जिसमें सिंचाई विभाग के तीनों खण्डों द्वारा आपदा न्यूनीकरण कार्यों के कुल 56 आगणन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गये। समिति द्वारा प्रस्तुत आगणन प्रस्तावों की जांच कर प्राथमिकता एवं आवश्यकताओं के मद्देनजर 34 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। सिंचाई खण्ड रूद्रपुर के 15 में से 9 प्रस्ताव धनराशि 71.60 लाख, सिंचाई खण्ड काशीपुर के 20 प्रस्ताव में से 10 प्रस्ताव धनराशि 85.28 व सिंचाई खण्ड सितारगंज के 21 आपदा न्यूनीकरण प्रस्ताव में से 15 प्रस्ताव धनराशि 01 करोड़ की स्वीकृति दी गयी।जिलाधिकारी ने अधिशासी



अभियंताओं को आपदा न्यूनीकरण हेतु स्वीकृत सभी कार्यों के एक सप्ताह के भीतर टेंडर लगाकर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आपदा न्यूनीकरण हेतु नदी-नालों की जो डिसिल्टिंग करायी जायेगी, उस सिल्ट की तुरंत नीलामी कराने के निर्देश भी संबंधित उपजिलाधिकारियों को दिए। उन्होंने तहसील सितारगंज में स्थित अरविन्द नगर एवं झाड़ी गाँव में जलभराव के निदान हेतु वन देवी मन्दिर से ग्राम गोठा तक सूखी/बैगुल नदी के जलप्रवाह का डायवर्जन कार्य हेतु 96.63 लाख की स्वीकृति देते हुए 10 लाख की धनराशि की सैद्धांतिक स्वीकृति दी साथ ही शेष धनराशि की मांग हेतु विभागाध्यक्ष सिंचाई, सचिव सिंचाई व सचिव आपदा को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा गौरव पांडेय, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पी.के. दीक्षित, लो.नि.वि. हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई ए.एस. नेगी, पी.सी. पाण्डे, दीक्षांत गुप्ता, पेयजल निगम ज्योति पालनी, डीडी एमओ उमा शंकर नेगी आदि मौजूद थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वैदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी. I डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# बाबा हरदेव सिंह जी को श्रद्धालुओं ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समर्पण दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन बरेली रोड गोजाजली में सायं 5 से सायं 7 बजे तक एक विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज को निरंकारी भक्तों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।सत्संग कार्यक्रम में नागपुर से आये मिशन के केंद्रीय ज्ञान प्रचारक महात्मा आरएस मेहरा ने कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज जी के प्रति प्रेम तभी सार्थक हो सकता है जब हम उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएंगे। सिखलाईयों के रूप में जो मोती हमें बाबा जी ने दिए उन्हें हमने अपने जीवन में धारण करना है प्रेम, समर्पण एवं गुरु के प्रति जो सत्कार है वह सच्चा हो ना कि केवल दिखावा मात्र। इस पर हम सभी को मंथन एवं मनन करना होगा। प्रत्यक्ष को प्रमाण वाली बात की हमारे जीवन में गुरु के प्रति प्रेम समर्पण का भाव सच्चा हो केवल एक विशेष दिन के रूप





में हम उन्हें याद न करके उनके द्वारा दी गई शिक्षा से नित्य प्रति प्रेरणा लेते रहें। अपने जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षों तक निरंकारी मिशन की बागडोर सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई।संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए बाबा हरदेव सिंह जी ने ''एकत्व में सद्भाव,'' ''वसुधैव कुटुम्बकम,'' और ''एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ'' इत्यादि जैसे अनेक दिव्य संदेश दिये। जिसमें निसंदेह लोक कल्याण की भावना निहित है। इसके अतिरिक्त आपने परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भावों को सुदृढ़ करने के लिए ''दीवार रहित संसार'' की सुंदर कल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा हरदेव सिंह जी के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं। जिनसे निरंकारी मिशन का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है। समर्पण दिवस के अवसर पर मिशन के वक्तागणों ने व्याख्यान गीत, भजन एवं कविताओं के द्वारा बाबा जी के प्रेम, करुणा, दया एवं समर्पण जैसे दिव्य गुणों को अपने शुभ भावों द्वारा व्यक्त किया। अंत में मिशन के तरफ से सभी श्रद्धालु के लिए लंगर व प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी।

# 10वीं की परीक्षा में नीरज रहे टॉपर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हो गए हैं जिसमें बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया



है। हल्द्वानी के गुरूतेगबहादुर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के बच्चों का भी शानदार प्रदर्शन रहा है। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में नीरज तिवारी ने 95 पतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। नीरज तिवारी ने 473 अंक प्राप्त किए हैं जबकि 92 प्रतिशत अकों के साथ सुहैल अली दूसरे और स्वर्णिमा जोशी ने 92 फीसदी अंकों के साथ तीरा स्थान प्राप्त किया है। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया है। बच्चों की शानदार उपलब्धि कर सकूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकगणों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति मे समर्पण दिवस का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। संत निरंकारी मिशन के प्रमुख बाबा हरदेव सिंह जी की पुण्य स्मृति में रविवार बाजार के पास स्थित संत निरंकारी भवन में समर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में पहुंचे बाबा सुखदयाल सिंह जी लुधियाना वालों द्वारा अमृत रूपी प्रवचनों से संगत को निहाल किया गया। उन्होंने कहा कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में उनके उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाए जाने के लिए समर्पण दिवस का आयोजन



किया गया है उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा सदैव लोक कल्याण की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार किया गया। दीवार रहित संसार, जात-पात मुक्त समाज का निर्माण करने के साथ भेदभाव मुक्त हर प्राणी को समाज में विचरण करने का अधिकार है। उनका कहना था कि संत निरंकारी मिशन द्वारा षक्त नाली में नहीं नाड़ी में बहेष्के उद्देश्य को लेकर महान रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। साथ ही समय-समय पर वृहद सफाई अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जाता है। इस मौके पर सत्संग श्रवण करने एवं लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण करने वालों में दूरदराज से आई संगत शामिल थी।

# धार्मिक स्थलों पर समान कार्रवाई करने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपकर उनसे नेशनल वहीं धार्मिक स्थलों को हटाने में प्रशासन द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। यदि केवल हिंदू धर्म के धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की गई और अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों को किसी साजिश या कार्यकर्ताओं का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के जद में आ रहे सभी धार्मिक स्थलों पर एक समान रूप से कार्रवाई करें एवं किसी को भी लाभ पहुंचाने की नीयत से राष्ट्रीय राजमार्ग का स्वरूप न



हाईवे की जद में आ रहे सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों पर एक समान रूप से कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण का कार्य तीव्र गति पर है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी धर्मों के धार्मिक स्थल आ रहे हैं। दुर्भावना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग का स्वरूप बदलकर छोड़ दिया गया तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इसका घोर विरोध करेगा और सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों एवं प्रशासन की होगी। बदला जाए। ज्ञापन देने वालों में सुल्तान सिंह, वीरेंद्र यादव, जोगेंद्र सिंह चौहान, सुदेव दास गुप्ता, अजय पाल, सुधीर देवल, यश चौहान, अजय अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, राकेश कश्यप, सचिन मलिक, परमानंद यादव, विवेक कश्यप, शिवशंकर गुप्ता आदि थे।

# संकीर्तन में ठुकराल को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम दुर्गापुर नंबर 1 श्री श्री अखण्ड महाप्रभु जी महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। एवं भंडारे में आस पास के क्षेत्रों से भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गापुर नंबर 1 में आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को



आयोजकों ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह हरिराम बंटी कोली विशाल मेहरा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एमेनिटी की अनुष्का ने 12 वीं और 10वीं में गरिमय ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई के हाईस्कूल व इंटर के परीक्षाफल में एमेनिटी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल व इंटर में जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। वहीं इंटर की छात्रा अनुष्का प्रीतम ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। जनपद के हाईस्कूल के टापरों में एमेनिटी के गरिमय जोशी 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रहे तो इसी विद्यालय का छात्र रिषभ कुमार सिंह 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा। इतना ही नहीं जनपद के इंटर टापर में एमेनिटी की अनुष्का प्रीतम 99.2



प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले व तन्वी राजवंशी 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त इंटर में अर्नव राय ने 97.8 प्रतिशत, अर्जुन सिंघल व अनमोल प्रीत कौर ने 97.6 प्रतिशत तथा दक्ष ग्रोवर ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल रिजल्ट में गरिमय जोशी ने 99.6 प्रतिशत, रिषभ कुमार सिंह ने 99 प्रतिशत, कशिश वर्मा व कशिश सिंह ने 98.6 प्रतिशत, वरन्या वत्स ने 98.2 प्रतिशत तथा वरदान सहरावत ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किये।विद्यालय के गुरूजनों ने परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनायें दी है।

# माउंट लिट्रा जी में प्रिया ने किया टॉप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)माउंट लिट्रा जी स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में प्रिया कुमारी ने सर्वाधिक 98.2 % प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्षित गौतम ने 97.6% प्राप्त कर द्वितीय स्थान और मनरूप कौर ने 95.6% प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। मैथ्स में हर्षित गौतम सर्वाधिक 100 अंक, सोशल साइंस और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में प्रिया ने 99, साइंस में अलिफ ने 99, अंग्रेजी में प्रिया, हर्षित और अलिफ ने सर्वाधिक 98 अंक तथा हिंदी में प्रिया ने 98 प्राप्त किये। कक्षा 12 में साइंस की टॉपर, दिया ग्रोवर, कॉमर्स टॉपर मनमीत कौर और ह्यूमैनिटीज की टॉपर वंशिका गौतम रहे।



# सीए बनना चाहती है दिव्या

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सीबीएससी ने आज इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिसमे आर ए एन पब्लिक स्कूल भुरारानी की छात्रा दिव्या आहूजा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। दिव्या आरएएन में कॉमर्स की छात्रा है। दिव्या ने एक सब्जेक्ट में 99 और 3 सब्जेक्ट में 98 अंक प्राप्त किए है। दिव्या के पिता सुधीर आहूजा गन्ना विभाग किच्छा में कार्यरत है जबकि मां डिंपल आहूजा ग्रहणी है। दिव्या का बड़ा भाई अंश आहूजा देहरादून में बी टेक कंप्यूटर का छात्र है। दिव्या भविष्य में चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहती है। दिव्या ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और स्कूल के शिक्षकों को दिया है। दिव्या जी न्यूज के रिपोर्टर विजय आहूजा की भतीजी है।



# इंजीनियर बनना चाहता है ऋषभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्र ऋषभ कुमार सिंह ने सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल की परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऋषभ ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए रोजाना पांच घंटे पढ़ाई की। आगे चलकर उसका सपना इंजीनियर बनना का है। वह आईआईटी में प्रवेश लेना चाहते हैं। ऋषभ के पिता राजीव कुमार सिंह सिडकुल में अशोका लीलैंड में इंजीनियर है, जबकि मां मनीषा सिंह गृहिणी हैं। ऋषभ ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया।



# मौलिक की तमन्ना आईएएस बनने की

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आरएन पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र मौलिक कक्कड़ ने वाणिज्य वर्ग में 98.6 प्रतिशत अंक पाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मौलिक ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरूजनों को दिया। मौलिक ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहते हैं। इसके लिए वह सिविल सर्विस की तैयारी करेगा। मौलिक ने बताया कि इंटर की परीक्षा के लिए उसे रोजाना दस घंटे की पढ़ाई की। मौलिक के पिता विकास कक्कड़ प्राइवेट कंपनी में जीएम पद पर कार्यरत है, जबकि मां रिया कक्कड़ गृहिणी हैं।



# वैज्ञानिक बनना चाहता है वरूण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र वरुण ने सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक पाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। वरूण ने परीक्षा में सफलता हासिल कर अपना और स्कूल का नाम रोशन किया है। वरूण के पिता चंद्रशेखर एक नेस्ले कंपनी में काम करते हैं, जबकि मां उषा गृहिणी हैं। इसरो में वैज्ञानिक बनने का सपना पाले वरुण रोजाना तीन से चार घंटे की पढ़ाई करते हैं। अपना आदर्श पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डा. एपीजे अब्दुल कलाम को बताते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया।



# इंजीनियर बनना चाहता है नैतिक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जवाहर नवोदय विद्यालय के इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र नैतिक जोशी ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर ऊधमसिंह नगर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नैतिक अपने बड़े भाई लक्ष्य जोशी की तरह इंजीनियर बनना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और विद्यालय के गुरूजनों को दिया। नैतिक ने बताया कि उसने रोजाना सुबह शाम छह घंटे की पढ़ाई की, जिसके परिणाम स्वरूप से उसे यह सफलता मिली। होनहार छात्र के पिता प्रकाश चंद्र एक प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि मां मंजू जोशी गृहिणी हैं।



# सुकृति को कम्प्यूटर मे मिले शत-प्रतिशत अंक

गदरपुर(उद संवाददाता)। विनोद कुमार की होनहार सुपुत्री सुकृति ने सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में कम्प्यूटर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुकृति ने कहा कि वह आगे मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं। सुकृति ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसने सोशल साइंस में 97 प्रतिशत, हिन्दी में 96 प्रतिशत, अंग्रेजी में 92 प्रतिशत, साइंस में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। उसने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। सुकृति के शानदार प्रदर्शन पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# जैन ग्लोबल स्कूल में सृष्टि पाल रही टॉपर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में जैन ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय स्तर पर सृष्टि पाल ने हिंदी में 95,सोशल साइंस में 94 और इंग्लिश में 90 अंको के साथ स्कूल टॉप किया। प्राची मिश्रा ने सोशल साइंस में 91,हिंदी 85,और इंग्लिश में 85 अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और तृतीय स्थान पर सिमरन सैनी रही। विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी और प्रधानाचार्य श्री दीपक गुप्ता ने समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।



# भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में सिमरन ने किया टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई इंटर और हाईस्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। इंटर में विद्यालय की छात्रा सिमरन कालरा ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रियांशी शाह और अक्षत पंगरिया 96 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हाईस्कूल में याशिका जोशी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। टॉपर्स ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरूजनों को दिया। वही विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# रेनबो में भूमिका और गौतम गंभीर ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उएद संवाददाता)।रेनबो पब्लिक स्कूल का सी.बी.एस.ई 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में विद्यालय की छात्रा भूमिका शर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. कुमार वैभव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और हर्षित चौहान ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा हर्ष अग्रवाल ने 96.6 प्रतिशत, मान्या सती ने 96.4 प्रतिशत, अक्षत सिंह ने 96.2 प्रतिशत, वर्षा रानी ने 96.2 प्रतिशत कनिष्का बिष्ट ने 96 प्रतिशत, सक्षम अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत आर्यन चौहान ने 95.2 प्रतिशत, वैभव सिंह ने 95.2 प्रतिशत, महक पाहवा, नन्दिनी माथुर, रिया, शौर्य रावत एवं कनक पांडे ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 16 और विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त किये।सामाजिक विज्ञान में आर्यन चौहान, सक्षम अग्रवाल वैभव सिंह एवं विधान नागपाल ने अधिकतम 100 मे 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। अंग्रेजी मे ईशान्त सागर, हर्षित चौहान, वर्षा रानी ने 97 अंक प्राप्त किये। गणित में अक्षत सिंह एवं कुमार वैभव ने अधिकतम 100 मे 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। इनफोरमेशन टेक्नोलोजी में दीक्षा चडडा, हर्ष अग्रवाल एवं कुमार वैभव ने 98 अंक प्राप्त किये। हिन्दी ने भूमिका शर्मा, कल्याणी सिंह एवं कनिष्का बिष्ट ने 97 अंक प्राप्त किये। विज्ञान में भूमिका शर्मा ने अधिकतम 98 अंक प्राप्त किये। जबकि 12वीं कक्षा में वाणिज्य वर्ग में गौतम गम्भीर ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. जानइवी पाटिल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और केशव सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग मे उमेश सिंह बिष्ट ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वान्या चौहान ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और जतिन चौहान ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विद्यार्थियो द्वारा विभिन्न विषयो में निम्न अधिकतम अंक प्राप्त किये।अंग्रेजी में नन्दिनी शर्मा और हर्ष मेहरा, जान्नद्रवी पाटिल ने 99 अंक प्राप्त किये। रसायन विज्ञान में वान्या चौहान और उमेश सिंह बिष्ट ने 100 में से 100 (शत् प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। गौतम गम्भीर और वान्या चौहान ने शारीरिक विज्ञान, में 99 अंक प्राप्त किये। जीव विज्ञान में मिशांत कुमार ने 95 अंक प्राप्त किये। इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी में लविशा चौहान ने 100 में से 100 (शत् प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। गणित में वान्या चौहान, उमेश सिंह बिष्ट और जान्हववी पाटिल ने 95 अंक प्राप्त किये। भौतिक विज्ञान में उमेश सिंह बिष्ट ने 93 अंक प्राप्त किये। अर्थशास्त्र में गौतम गम्भीर ने 98 अंक और एकाउन्टेन्सी में जान्हवी पाटिल ने 96 अंक प्राप्त किये। बिजनेस स्टडीज में गौतम गम्भीर और जान्ह्ववी पाटिल ने 100 में से 100 (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त तनिशा प्रजापति (91.4%), ईशु पटेल (91%), लविशा चौहान (90.2%) आदि ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने परीक्षाफल पर अपना हर्ष प्रकट किया और अध्यापकों, अभिभावकों तथा बच्चों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबन्धक संजीव कुमार तथा प्रबन्धन समिति की सदस्या श्रीमती गीतांजलि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप-प्रधानाचार्य मिस स्मिता पाठक ने बच्चों के अथक परिश्रम को ही सफलता का मंत्र बताया एवं समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई दी।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## छात्राओं की सफलता

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के नतीजे इस वर्ष भी उत्साहजनक रहे। इन परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण के साथ-साथ इसके सामाजिक पहलू पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चले आ रहे रुख के मुताबिक इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी। हालांकि छात्रों की सफलता का अनुपात भी काफी अच्छा है, मगर आगे होने के जो मानक तय किए गए हैं, उसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं के नतीजों में कुल 87.33 फीसद विद्यार्थी पास हुए। इस बार 91.52 फीसद लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों से 6.40 फीसद ज्यादा है। इसी तरह, दसवीं की परीक्षा में भी 94.75 फीसद लड़कियां सफल हुईं, जो लड़कों के मुकाबले 2.04 फीसद अधिक है। जाहिर है, एक बार फिर लड़कियों ने यह साबित किया है कि यह महज अवसर मिलने की बात है। वे हर मोर्चे पर साबित कर सकती हैं कि एक पुरुष प्रधान समाज में उनकी क्षमताएं कहीं भी लड़कों से कम नहीं हैं। पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षया कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं। इसका एक मतलब यह भी निकलता है कि सामाजिक स्तर पर कई तरह की वंचना और बाधाओं के बीच भी वे खुद को बेहतर साबित कर सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि जन्म से लेकर बाद के जीवन तक में पढ़ाई-लिखाई से लेकर हर क्षेत्र में उनके सामने किस-किस तरह की अड़चनें आती रही हैं। लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रहों और संकीर्ण सोच वाले परिवार और समाज आमतौर पर उनके प्रति सहयोगात्मक रुख नहीं अख्तियार करते हैं। हालांकि वक्त बदलने के साथ काफी संख्या में माता-पिता अब अपनी बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई और उनके बेहतर भविष्य को लेकर सजग हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर होना इस बात का सबूत है। मगर लड़कियों की कामयाबी की यह धमक सार्वजनिक जीवन के अन्य क्षेत्रों में कम दिखती है। सरकार और समाज को इस पहलू पर सजग होना होगा।

## दुष्कर्म के बाद नाबालिग गर्भवती, केस दर्ज

चंपावत। चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्र की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म और गर्भवती होने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली पुलिस एक परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्र की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म और गर्भवती होने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली पुलिस एक परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय भतीजी के साथ फरवरी में जिले के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। इससे उसकी भतीजी गर्भवती हो गई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 आईपीसी और 4/5 पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है।

# एमपी के इंदौर में चल गया नोटा!

हालांकि मध्यप्रदेश में पिछले तीन चरणों की तुलना में मतदान अच्छा हुआ है। लेकिन प्रदेश के सबसे बड़े और व्यावसायिक महानगर इंदौर में मतदान का प्रतिशत कम रहा। यहां 60.53 प्रतिशत वोट पड़ा है। जो 2019 की तुलना में 8.78 प्रतिशत कम हैं, 2019 में यहां 69.31 प्रतिशत वोट डाला था। आदिवासी बहुल लोकसभा सीट खरगोन में सबसे ज्यादा 75.79 मत पड़े। इसी तरह आदिवासी बहुल रतलाम में 72.86 और धार में 71.50 प्रतिशत मत पड़े। यह प्रदेश में हुए आठ लोकसभा सीटों पर मतदान में सबसे ज्यादा मत प्रतिशत है। जबकि शहरी मतदाताओं ने ग्रामीणों की तुलना में कम मतदान किया। बहुचर्चित रही सीट इंदौर में कम मतदान इसलिए हुआ, क्योंकि वहां से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम अंतिम समय में अपना नामांकन पत्र वापस लेकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसलिए यहां अनुमान लगाया जा रहा है कि मतदाताओं ने नोटा पर भी खूब वोट डाले हैं। चुनाव प्रचार के दौरान नोटा विवाद भी खूब छाया रहा था। इकतरफा चुनाव हो जाने के कारण भाजपा ने जहां अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रचार किया, वहीं कांग्रेस ने मुकाबले में कोई प्रत्याशी नहीं रह जाने के कारण नोटा के पक्ष में मतदान करने का अभियान अंतिम चरण तक जारी रखा। यही नहीं कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने मतदान के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली कि उन्होंने नोटा को मत दिया है। इस बार इंदौर में जगह-जगह कुछ अलग ही नजारा देखने में आ रहा था। कांग्रेस ने नगर की प्रत्येक बस्ती में टेबल लगाकर नोटा को वोट देने का खूब प्रचार किया। पालदा इलाके में एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मतदाता नोटा को बटन दबाता दिख रहा है। कांग्रेसियों ने 25 लाख मतदाताओं वाली इंदौर सीट पर नोटा को ही कांग्रेस का प्रत्याशी मानने की मुहिम चला रखी थी। अक्षय कांति बम द्वारा आखिरी दिन नाम वापसी के बाद कांग्रेस ने अपना प्रचार अभियान 'वोट फॉर नोटा' कर दिया था। यही नहीं कांग्रेस ने नोटा के पक्ष में मतदान करने की एक रैली भी आहूत की थी। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दो लाख से अधिक बैनर-पोस्टर इंदौर के चप्पे-चप्पे में चस्पा कर दिए गए थे। पूर्व लोकसभा सदस्य और इंदौर से आठ बार भाजपा की सांसद रहीं सुमित्रा महाजन खुला बयान दे चुकी हैं



कि उन्हें कई भाजपाई और बुद्धिजीवियों ने फोन पर कहा है कि इस तरह से इंदौर में चुनाव के ठीक पहले हुए प्रत्याशी अक्षय कांति के दल-बदल से वे खुश नहीं हैं, अतएव नोटा को वोट देंगे। इसी दौरान संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का भी एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे नोटा के बजाय, जो उत्तम उम्मीदवार हैं, उसे चुनने की सलाह दे रहे है। यानी उन तक यह संदेश पहुंचा कि इस दल-बदल से इंदौर की जनता खुश नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा पर तल्ख टिप्पणी करते हुए विश्वास जताया कि 'देश के सबसे स्वच्छ शहर में भाजपा की प्रदूषित राजनीति का जवाब इंदौर की जनता नोटा पर बटन दबाकर देगी। इंदौर हमेशा रिकॉर्ड बनाता है, अतएव इस बार भी इंदौर की जनता राजनीतिक सुचिता के लिए नोटा को वोट देकर देशभर में नोटा को मिले सर्वाधिक मतों का रिकॉर्ड बनाएगी।' पटवारी की इस टिप्पणी का उत्तर देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा था कि 'जनता अपना अमूल्य मत खराब नहीं करेगी। उनका खुद का सिक्का खोटा निकला है, कांग्रेस पार्टी खजुराहो और इंदौर समेत कई सीटों पर अपना प्रत्याशी तक खड़ा नहीं कर पाई, वह अब नोटा का बटन दबाने की बात कह रही है। इसे कौन सुनेगा ? इंदौर लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने ही पोस्टर वॉर युद्ध स्तर पर लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति के चुनाव मैदान से हटने और भाजपा के साथ जाने के बाद कांग्रेस ने नोटा के समर्थन में ऑटो रिक्षाओं के पीछे पोस्टर चिपकाए। चूंकि रिक्षे सवारियों के साथ पूरे महानगर में चक्कर काटते हैं, इसलिए नोटा का प्रचार भी खूब हो गया। भाजपा को जब इस प्रचार की महिमा और असर का आभास हुआ तो वह इस पोस्टर चिपकाने के विरोध में उतर आई। भाजपा ने तय किया कि रिक्शों से पोस्टर हटाने के साथ नोटा का विरोध करने और कमल के फूल को वोट देने की मांग करने वाले पोस्टर चिपकाए जाएं। इस हेतु रणनीति बनाते हुए नगर के 8000 ऑटो-रिक्शों से पोस्टर हटाने और नए पोस्टर चिपकाने का सिलसिला युद्ध स्तर पर शुरू हो गया। इस अभियान की जिम्मेदारी भाजपा के ऐसे जमीनी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जो पोस्टर हटाने के साथ पोस्टर चिपकाने का भी काम करे। देखते ही देखते कई पोस्टर हटा दिए गए, लेकिन सभी रिक्शों से पोस्टर हटाना संभव नहीं हुआ। क्योंकि अनेक रिक्षा चालक नोटा के पक्ष में पैरवी करते नजर आए। मतदान के दिन एक शिकायत ऐसी भी जिला निर्वाचन अधिकारी को मिली, जिसमें विधानसभा-4 के मतदान केंद्र क्रमांक 43 की पीठासीन अधिकारी शबनम खान द्वारा नोटा के पक्ष में लोगों को मतदान करने के लिए कहा गया। हालांकि जांच के बाद यह खबर फर्जी पाई गई, यह शिकायत भाजपा के पोलिंग एजेंट सुंदर यादव के नाम से की गई थी। किंतु शिकायतकर्ता ने आवेदन पर किए हस्ताक्षर नकली बताएं और कहा कि मैंने कोई इस तरह की शिकायत नहीं की है। हालांकि निर्वाचन आयोग के आंकड़ों पर विचार करें तो 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में नोटा के लिए सबसे ज्यादा मत रतलाम सीट पर मिले थे। 2015 में यहां हुए उपचुनाव में नोटा को 24,426 वोट मिले थे। 2014 में इंदौर सीट पर नोटा को 5944 और 2019 में 5045 मत मिले थे। पूरे मध्यप्रदेश में 2014 में नोटा को 3,91,771 और 2019 में 3,40,984 मत मिले थे। जो 29 लोकसभा सीट वाले मध्यप्रदेश में बहुत ज्यादा मायने नहीं रखते हैं। नोटा का मतलब है नन ऑफ द अबव यानी उपरोक्त उम्मीदवारों में से कोई नहीं। 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने ईवीएम में नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया था। इसके मुताबिक यदि मतदाता को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में से कोई पसंद नहीं है तो वह ईवीएम का बटन दबा सकता है। लेकिन न्यायालय के इस फैसले में इस तथ्य का कोई रेखांकन नहीं है कि नोटा को यदि सर्वाधिक मत मिलते हैं तो वास्तविक चुनाव परिणाम पर इसका क्या असर पड़ेगा ? फिलहाल नोटा को वोट चाहे जितने मिल जाएं, उसका परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**






# आईएएस बनना चाहती है टॉपर सिमरन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीयम इंटरनेशल स्कूल की 12वीं की टॉपर सिमरन कालरा 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथी रैंक प्राप्त की है। सिमरन की इच्छा आईएएस बनने की है। वह सोशल मीडिया पर देश के सफल आईएएस अधिकारियों को फॉलो करती है। सिमरन का कहना है कि उसका लक्ष्य देश के विकास में अपनी सहभागिता निभाने का है। उसने बताया कि वह अपनी पढ़ाई के लिए सात से आठ घंटे का समय देती है। देर रात को शांत माहौल में पढ़ाई के साथ ही अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए इंटरनेट मीडिया का सहारा लेती है। आईएएस अधिकारियों की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखते हुए उसके मन में आईएएस बनने की ललक पैदा हुई। सिमरन 12वीं के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए सीयूटी की तैयारी कर रही है। सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और शिक्षकों को दिया है। सिमरन की सफलता पर भारतीयम स्कूल के प्रबंधक भारत गोयल, गुरजीत सिंह, प्रधानाचार्या रश्मि आनंद, उप उप्रध ।नाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# पेयजल समस्या को लेकर किया प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मल्ला चौपुला वार्ड 37 के निवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि नशा मुक्ति केंद्र से पहले वाली गली में नई पेयजल लाईन डालना आवश्यक हो गया है। वर्तमान में सैकड़ों परिवार पेयजल से वंचित बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई घरों में पानी के अवैध कनेक्शन भी हैं। जिस कारण पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे कनेक्शनों को हटाया जाय और नई पाईप लाईन बिछाई जाय। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें समस्या का शीघ्र समाधान करने का भरोसा दिलाया।

## छह दिवसीय संस्कार शिविर प्रारम्भ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद,काठगोदाम शाखा के अंतर्गत 6 दिवसीय बाल संस्कार शिविर काआयोजन गत दिवस शुरू किया गया।प्रथम शिविर शिवालिक सायंकालीन पाठशाला में किया गया। जिसके अंतर्गत 45 बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों को गुड टच ,बेड टच, वर्चुअल टच के बारे में बताया गया। अपनी लोक संस्कृति को आगे ले जाते हुए बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। बच्चों से हनुमान चालीसा का पाठ भी करवाया गया। शाखा की तरफ से अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, सचिव नीलम शर्मा , महिला सयोजिका गरिमा सिंघल, रश्मि जैन, ममता खुल्लर, रेनू बिष्ट, आलोक सक्सेना, दीपक बिष्ट, रमेश शर्मा, राजीव रावत, श्यामली, कनिका बमेटा, वंदना देरोलिया, नीलम बाटला, अलका, अंजना,जाया, मीनू आदि उपस्थित थे।



# एस एस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

गदरपुर । नगर के प्रतिष्ठित एस एस पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 वीं और 10वीं का परीक्षाफल उत्कष्ट रहा। इंटर में रमनप्रीत कौर एव शरद गुम्बर ने बिजनेस स्टडी में 100 अंक प्राप्त करके परचम लहराया, साथ ही 30 छात्रों ने इंग्लिश में 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किये। जबकि हाईस्कूल में सचिन कुमार ने कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय में 100 अंक प्राप्त करके परचम लहराया। साथ ही 50 छात्रों ने इंग्लिश में 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर विध ेयक चेयरमैन डी पी सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा फल शत प्रतिशत रहने पर सभी छात्रों एव शिक्षकों को बधाई दी।प्रधानाचार्य परविंदर सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को कच्ची शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी गश्त करते ढाल पर पहुँचे तो निर्माणाधीन पैट्रोल पम्प के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा तो शक होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपन नाम पता हरीश थापा पुत्र हरि बहादुर निवासी ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर कट्टे में कच्ची शराब के कुल 43 पाउच बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर हरीश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विद्युत चोरी में दो नामजद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। औचक निरीक्षण में विद्युत चोरी करते पकड़े गये दो भवन स्वामियों के विरूद्ध विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम ने कहा है कि वह कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता, विपिन सक्सैना लाईनकर्मी, रोहित कश्यप लाइनकर्मी सर्तकता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ विद्युत चैकिंग करते रंजन सरकार पुत्र सुधीर सरकार निवासी गोविन्द नगर, ट्रांजिट कैम्प व धीरेन्द्र सरकार पुत्र सुरेन सरकार निवासी मुखर्जीनगर, ट्रांजिट कैम्प पहुंचे जहां विद्युत चोरी के मामले सामने आये। मौके पर केबल कब्जे में ले ली गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विद्युत विभाग की टीम द्वारा चेकिंग किये जाने से गैर कानूनी रूप से विद्युत कनेक्शन लगाये बैठे लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है।

# बर्डफ्लू को लेकर विभाग सतर्क

सितारगंज (उद संवाददाता)।पशुपालन विभाग बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट मोड पर है। चिकित्सकों की टीम प्रवासी पक्षियों की निगरानी करने में जुटी हुई है। इसके अलावा भी विभागीय टीम जांच के लिए नमूने ले रही है। देश में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद क्षेत्र में पशुपालन विभाग सतर्क हो गया है। बताया जाता है कि केरल में बर्ड फ्लू पक्षियों में मिला है। इस वजह से प्रवासी पक्षियों पर नजर रखी जा रही है। प्रवासी पक्षियों के संपर्क में आने से वायरस फैलता है। पशुपालन विभाग के डॉक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बर्ड फ्लू को देखते हुए प्रवासी पक्षियों पर निगरानी के लिए टीम में बनाई गई हैं। जो समय-समय पर प्रवासी पक्षियों के आवागमन करने वाले स्थानों का निरीक्षण कर रही है।

# चिराग जैन ने पेश की मेयर पद की दावेदारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ता मेट्रोपोलिस सिटी निवासी चिराग जैन ने पार्टी के जिलाध्यक्ष को



आवेदन पत्र सौंप उनके समक्ष निकाय चुनाव में रूद्रपुर मेयर पद के लिए दावेदारी की है। चिराग का कहना है कि वह पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता है तथा पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुका है। वह तमाम सामाजिक संस्थाओं में पदाधिकारी है और समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करता है। क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में शामिल रहता है और जनता से जुडकर उनकी समस्याये हल कराने का प्रयास करता है, इसलिये क्षेत्र की जनता से उसका बेहद लगाव रहता है। उसकी पत्नी श्रीमती मुक्ति जैन पार्टी में नगर महामंत्री महिला मोर्चा के पद एवं जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा के दायित्व का निर्वहन कर चुकी है। कोविड-19 कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान उसने जरूरत मंद लोगो को भारी मात्रा में सेनेटाईजर, मास्क, पीपी किट एवं भोजन वितरण किया था। इसके अतिरिक्त वह सदैव जन सेवा के कार्यों में तत्पर रहता है।चिराग का कहना है नगर निगम रूद्रपुर की मेयर सीट सामान्य होने पर उसकी चुनाव लडने की इच्छा है। यदि पार्टी उसे रूद्रपुर के मेयर सीट से टिकट देती है तो वह भारी मतो से विजयी प्राप्त कर भाजपा का परचम लहरा सकता है। पत्र की प्रतिलिपि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, प्रदेश प्रभारी व क्षेत्रीय विधायक को प्रेषित की गई हैं।

# ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास,एक ताला तोड़ा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर में आए दिन अराजकतत्वों का बोलबाला होने लगा है,अराजकऔर नशेड़ी प्रवर्ति के लोग आआदि के चलते भी कानून को हाथ मे लेकर पुलिस का भी भय नही रख रहे हैं, इन दिनों बारात आदि में भी नशेड़ी किश्म के लोग अराजकता कर देते है, वही जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इस बार चोरों ने उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा में चोरी करने का असफल प्रयास किया। चोरों ने रविवार रात्रि बैंक में एक ताला तो तोड़ दिया, लेकिन दूसरा नहीं तोड़ पाए।सोमवार को जब बैंक दो दिनों की छुट्टी के बाद खुला तो बैंक कर्मी जब बैंक पहुँचे तो उन्होंने बैंक का ताला टूटा हुआ देखा, तभी बैंक प्रबंधक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, और सीसीटीवी फुटेज की जांच की । बैंक में चोरी की असफल घटना को अंजाम देने वालों की शिनाख्त के लिए पुलिस द्वारा सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान शाखा में कार्य देरी से शुरू हुआ।कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है, पुलिस सभी एंगिलो से जांच करने में जुट गई है।


**आवश्यकता है**

**सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार**

**-सम्पर्क करें-**

**परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133**


## पेज एक का शेष...

**चुनौतियों के चक्रव्यूह में.......** हो गए थे। गौरतलब है कि पर्यटन को उत्तराखंड की आर्थिकी की रीढ़ माना जाता है। जिसमें चारधाम यात्रा सबसे अहम है। हर साल लाखों यात्री चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड आते हैं, मगर शासन -प्रशासन का समूचा तंत्र जब इस महत्वपूर्ण यात्रा की तैयारियां कर रहा था, तो पर्यटन मंत्री राज्य से बाहर थे और चारधाम यात्रा की सारी तैयारियां पूर्ण कर लेने का दावा करते रहे। अब जब चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है ,तो पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी प्रदेश में वापस लौट आए हैं।मगर दुर्भाग्यवश इस यात्रा के शुरुआती दिनों में ही अव्यवस्थाएं दिखने लगी हैं। यात्रा के आरंभिक दिनों में ही यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ पड़ी कि पैदल मार्ग पर पैर रखने की जगह तक नहीं थी। वहीं दूसरी ओर पहली बार चार धाम यात्रा शुरु होने के पहले ही केदारपुरी में तीर्थ पुरोहितों ने बंद का ऐलान कर दिया ।इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि केदारपुरी में कपाट खुलने के दिन दुकानें बंद रही। बंद के कारण यात्रा के पहले दिन श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बतौर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की ये जिम्मेदारी बनती थी कि यात्रा शुरु होने से पहले ही नाराज तीर्थ पुरोहितों से बात की जाती और उन्हें मनाया जाता, लेकिन ऐसा कुछ किया नहीं गया। बजाय इसके पर्यटन मंत्री प्रदेश से ही गायब हो गए ।राहत की बात तो यह है कि इस दौरान सीएम धामी मोर्चे पर डटे रहे। सीएम धामी अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर वापस उत्तराखंड आए और जंगल की आग और चारधाम यात्रा को लेकर समीक्षा की।इस दौरान सीएम धामी पूरी तरह एक्शन में नजर आए।सीएम ने वनाग्नि की घटनाओं में लापरवाही बरतने वाले 10 अधिकारियों को न केवल सस्पेंड किया बल्कि दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही पांच को अटैच भी कर दिया। ऐसे में विपक्ष सवाल उठाने के साथ ही चुटकी लेते हुए यह कह रहा है कि धामी सरकार के मंत्री कहीं और व्यस्त हैं और सीएम धामी ने हर विभाग की जिम्मेदारी संभाल ली है ?

**बेटे से मिलने जा रहे.....**पेट में जा लगा। अपनी मां को बचाने के लिए तीनों बेटों पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि चाकू मारने के बाद आरोपी फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नजाकत अली का कहना है कि शखावत की दुकान भी उनके बड़े बेटे के दुकान के बराबर है। फिरासत के पास काम ज्यादा होने के कारण शखावत से रंजिश रखता है। बताया कि पिछले साल भी उनके बीच झगड़ा हुआ था जिसका बाद में समझौता हो गया था। परिजनों की ओर से मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।

**वाराणसी सीट से मोदी.......**रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस समय भारत में 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपना नामांकन पत्र भरा है। हमारा तीसरा कार्यकाल आने वाला है। आने वाले दो-तीन साल में हमारी अर्थव्यवस्था विश्व भर में तीसरे स्थान पर आएगी और हमारे विकास के आंकड़े 2024 में और तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**हादसे में दो युवकों.........**दीवान सिंह बिष्ट और 21 वर्षीय अभय बिष्ट के रूप में हुई। पुलिस अब दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है। हादसे की सूचना के बाद परिजन भी अल्मोड़ा से हल्द्वानी पहुंच गए। वहीं, कार चालक का नाम रूपचंद श्रीवास्तव बताया जा रहा है, जो हल्द्वानी के गौजा जाली के रहने वाला है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है। उधर, हादसे के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है दीवान सिंह बिष्ट दो बच्चों का पिता था।

**खाताधारकों के लाखों समेटकर........**चालू कर ली तथा पूर्व की भांति दोनो कम्पनियों को चालू रखा गया। वर्ष 2017 के बाद अचानक भुगतान की तिथिया आगे बढ़ाई जाने लगी। जिसके बाद वह एवं अन्य एजेन्ट मिलकर कम्पनी के डायरेक्टर से मिले। सभी ने विश्वास दिलाया की कम्पनी बन्द नहीं होगी और सभी ग्राहको का भुगतान निश्चित ब्याज के साथ अदा किया जायेगा। जिस कारण उसने अपने खातो का संचालन बन्द नहीं किया। उसने बताया कि माह मार्च 2017 में अचानक एक दिन जब वह कम्पनी के क्षेत्रीय कार्यालय पर पहुंचा तो देखा की कम्पनी के सभी कर्मचारी गायब है तथा कम्पनी का गेट बन्द है। जिसके बाद से लागातार वह व अन्य एजेन्ट कम्पनी के सभी डायरेक्टरो के पास जा रहे है तथा अपने-अपने ग्राहको के पैसे वापस करने के लिए प्रार्थना कर रहे है। कम्पनी के डायरेक्टरों ने उसे व अन्य एजेन्टो को भुगतान के चौक दिये है, परन्तु सभी चौक बाउण्स होते जा रहे है। ग्राहको द्वारा आय दिन उसके घर का घेराव किया जा रहा है जिस कारण उसका घर से निकलना दुभर कर दिया है। कुछ तो उसे जान से मारने के भी धमकी दे रहे है। महबूब ने पुलिस से उसकी और उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा करने तथा कम्पनी के डायरेक्टरो से जमा कराए पैसे वापस दिलाने का आग्रह किया है।

**साईड जॉब के नाम पर.........**हेतु 3.76 लाख रूपये भेजने के लिए कहा । यह धनराशि भी भुगतान कर दी तब उसकी समस्त धनराशि को लाभाश सहित कुल 8.61 लाख दर्शाया गया एवं खाता अनसीज दर्शाया गया। लेकिन धनराशि बडी होने के कारण 4 बार में आहरित करने का निर्देश दिया। जिसमें प्रथम आहरित धनराशि 5000 रूपये उसके खाते में भुगतान कर दी। उसके बाद 2. 25 लाख रूपये आहरित करना चाहा तो मेरी गलती दर्शा कर पुनः खाता सीज कर दिया दिखा एवं उक्त धनराशि को आहरित करने के लिए पुनः 8.95लाख का भुगतान करने का निर्देश दिया। जिससे उसे ठगी होने का संदेह हो गया और उसने भुगतान करना बन्द करवा दिया। दीपक का कहना है कि उसने 28 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक कुल 6,25,900 रूपये उनके द्वारा दिये गये बैंक खातों व यूपीआई आईडी में ट्रांसफर कर दिये गये। उसे झांसे में लेकर उसके साथ ऑनलाईन धोखाधड़ी की गयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बस में महिला के बैग से........**हल्द्वानी आ रही थी। किसी ने उसके बैग से सोने की नथ, सोने के हाथ के पोची, सोने के कान के झुमके,, मांगटिका, सोने की माला, चांदी के दो पायल, पांच हजार रूपए की नगदी व अन्य सामान चुरा लिया।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# निशान यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## आज शाम सजेगा खाटू जी का भव्य दरबार



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री श्याम परिवार नगर में श्री खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शाम को खाटू श्याम को भव्य दरबार सजेगा। श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा खटीमा रोड स्थित पैलेस से शुरू हुई, जो मुख्य चौराहे से होते हुये सितारगंज रोड, कारसेवा रोड से गुरूद्वारा मार्ग पहुंची। निशान यात्रा में भारी तादात गांव व कस्बे से सैकड़ो की तादात में महिलाएं पहुंची थी, जिन्होंने हाथों में निशान यात्रा का झंडा लेकर नगर का भ्रमण किया। इस दौरान निशान यात्रा में जगह श्याम भक्तों एवं व्यापारियों ने जलपान एंव प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। जिसके पश्चात यात्रा पैलेस में ही सम्पन्न हुई। शाम को श्री खाटू श्याम का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें खाटू श्याम को छप्पन भोग लगेगा। शिव इंटरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा खाटू श्याम के गीतों से दरबार में समां बांधा जायेगा। इस मौके पर राकेश अग्रवाल ,रामभरोसे लाल, मुकेश गुप्ता ,अनुप गुप्ता , मुकेश गुप्ता,विराट रस्तोगी रिंकुं रस्तोगी, विशेष गुंप्ता,राजकुमार यादव, हरीश रस्तोंगी, मनोज रस्तोगी,दीपक गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा,रमेश गंगवार आदि मौजूद थे।

# गुलरभोज में सात वार्डों के लिए भाजपा से 35 दावेदार

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत से सभासद पद पर भाजपा से 7वार्डों के लिए 35 कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी ठोकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी दावेदारी पेश करने के लिए समर्थन के साथ कैंप कार्यालय मंडल अध्यक्ष अना दि रंजन मंडल के पास पहुंचे और अपने फार्म जमा किए मंडल अध्यक्ष अनादि



रंजन मंडल ने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेताओं एक पैनल बनाकर दावेदारों के नाम तय कर सूची हाई कमान को भेजी जाएगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनादि रंजन मंडल,तिलक राज गंभीर, अतुल पांडे,सतीश चुघ, तरुण दुबे, अनीता दुबे, गुरमेल सिंह, संजीव भटेजा, नंदन सिंह कोशयारी, भूपेंद्र आर्य, गोविंद लटवाल आदि थे।

# भीषण गर्मी में उबला पानी पीने को मजबूर हैं लोग

## शहरी क्षेत्र के मार्गो में लगे शीतल प्याऊ खराब

सितारगंज(उद संवाददाता)। रोडवेज बस स्टेशन में यात्रियों के लिए शीतल पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है।



शहरी क्षेत्र के मार्गो में भी राहगीरों के लिए लगाएं सार्वजनिक शीतल जल के प्याऊँ खराब हो चुके है। इस कारण रोडवेज बस स्टेशन में आने वाले यात्री और शहरी क्षेत्र के राहगीर गर्मी से उबला पानी पीने को मजबूर है। यात्रियों को शीतल जल से प्यास मिटाने के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे है। सूरज की तपिश से आमजन बेहाल है। गर्मी से बचने के लिए लोग बाजार और रोडवेज स्टेशन में ठंडा पानी तलाशते हैं। लेकिन किसी भी स्थान पर सार्वजनिक ठंडा पानी उपलब्ध नहीं है। रोडवेज स्टेशन में अक्सर यात्रियों की भीड़ रहती है। गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए शीतल जल की कोई व्यवस्था नहीं है। स्टेशन परिसर में जो टंकियां यात्रियों के लिए पानी सप्लाई कर रही हैं। उनके टैंक से उबला पानी निकल रहा है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो में लगे सार्वजनिक शीतल जल के प्याऊँ खराब हो गए है। किच्छा रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के आसपास भी राहगीरों, व्यापारियों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। बीजती चौराहा, अमरिया चौराहा पर बस के इंतजार के लिए गर्मी के मौसम में प्यासे यात्री घंटों खड़े होकर बेसन का इंतजार करते हैं।

# आत्महत्या के मामले में पांच लोगों पर केस

किच्छा(उद संवाददाता)। संपत्ति को लेकर वृद्ध की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला था। उसमें पांच लोगों को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया था। कैपिटल टावर ए 601 नियर इंटीग्रल पैकरा मऊ उत्तर प्रदेश निवासी दया जोशी पत्नी दिनेश चंद्र जोशी ने पुलभट्टा पुलिस से की शिकायत में कहा उसके पति दिनेश चंद्र जोशी का कमला जोशी और सूरज जोशी ने पैतृक मकान को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है वह उनके मकान पर अपना कब्जा किए हुए थे। उसके पति ने मानवता के नाते उस मकान मे मात्र एक वर्ष के लिए रहने के लिए दिया था। उस दौरान यह तय हुआ था कि एक वर्ष में कमला जोशी व सूरज जोशी अपना मकान बना लेंगे और उनका मकान खाली कर देंगे।परंतु बाद में उनकी नियत खराब हो गई और उन्होंने उनके मकान पर कब्जा कर लिया। एक मई को लखनऊ से अपने पैतृक निवास 46 गोविंद नगर देवरिया किच्छा पहुंचे रात में सो रहे थे। इसी दौरान कमला जोशी पत्नी सूरज जोशी व सूरज जोशी पुत्र स्व. मोहन जोशी निवासी देवरिया किच्छा धारदार हथियार लेकर वहां आए और उसके पति को वहां से निकाल दिया। जिसके चलते वह किसी अनहोनी की आशंका से अपने खेत में रहे। उनकी चुकटी में कृषि भूमि भी है जिस उन्होंने पिछले आठ वर्ष से शुभ आशीष बिष्ट निवासी ग्राम मकान नंबर चार देवरिया को अप्रैल 2025 तक ठेके पर दे दी थी। उस भूमि पर लिए बैंक ऋण की अदायगी न कर पाने के कारण एक एकड़ भूमि शुभ आशीष को 15 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। जिसकी ऐवज में दो लाख रुपये शुभ आशीष ने चेक द्वारा दिए व बाकी का पैसा बैंक ऋण में जमा करना थाा। पिछले दो वर्ष से शुभआशीष लगातार टाल मटोल कर रहा था। पैसा देने का दवाब बनाने पर शुभआशीष ने उसके पति का मोबाइल फोन नंबर भी ब्लाक कर दिया था। ध ोखाधडी मे शुभआशीष बिष्टट के साथ उसके जेठ गिरिश चंद्र जोशी व इंदर मेहरा निवासी सुनहरा फार्म ग्राम देवरिया भी शामिल है।एक मई को जब पति ने देवरिया पहुंच बकाया धनराशि का तकाजा किया तो उन्होंने पति को ही झूठा ठहराते हुए कहा कि पैसा तुम्हे दे दिया है। उन्होने इस बात से आहत होकर देवरिया से फोनकर यह बात उसको बताने के बाद पूरा घटनाक्रम एक पत्र में लिख कर होटल में जाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कमला जोशी, सूरज जोशी, शुभाआशीष बिष्ट, इंदर मेहरा, गिरिश चंद्र जोशी के विरुद्ध धारा 306 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# रूद्रपुर में मोटो वोल्ट कंपनी ने उतारी इलेक्ट्रिक बाइक

रूद्रपुर । इंदिरा कालोनी रोड पर आदर्श कालोनी स्थित न्यू आर एस साइकिल स्टोर पर मोटो वोल्ट कोलकाता




की कंपनी ने पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और प्रदूषण को रोकने के लिए 120किमी माइलेज वालीं बाइक लॉन्च की।इस मौके प्रतिष्ठान स्वामी तीर्थ राज सीकरी, राजकुमार सीकरी,तनीश सीकरी को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ,सोनू अनेजा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महा मंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विकी मुंजाल, साहिल आहूजा,कपीश सुखीजा ने शुभकामनाएं दीं। सीकरी परिवार ने आये हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर सीकरी परिवार द्वारा आम जन मानस के लिए गर्मी से राहत पाने के लिए मीठे शर्बत की शबील भी लगाई गयी। इस मौके पर जीवन दास फुटेला, पंडित महेश चंद्र शर्मा, अजय फुटेला, अमन फुटेला, हरीश अरोरा, राज कुमार भुसरी, राजेश कामरा, अशोक कुमार सीकरी, पार्थ सीकरी, गगन वधवा, जतिन नागपाल, श्रवण छाबड़ा, मनीष सलूजा, प्रभात खुराना, राजीव अनेजा, ललित सिंह,भुवनेश् अरोरा पूर्ण चंद्र अरोरा, रोशन लाल तागरा, अक्षित चावला, सम्भव अरोरा, अभिनव मित्तल, गुरमन सिंह, प्रियांशु बटला,नमन नारंग, नमन कक्कड, नितिन देवल, मुदित गाबा, करण फुटेला, धैर्य फुटेला, वंश दीप सिंह, पृथ्वी बांगा, मोटो वोल्ट कंपनी के हंस राज, पंकज, सुरेश आदि मौजूद रहे। (Advt.)

